तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 महाष्टमी पर आज भी होंगे मंदिरों में हवन, कन्या भोज व भंडारा



खबर संक्षेप

पाली की पीडीएस दुकानों में खराब चावल का वितरण

कोरबा। जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत पीडीएस



दुकानों में हितग्राहियों को खराब चावल वितरण किये जाने का मामला सामने आया है। हालांकि ऐसे मामले में पूर्व में भी सामने आया है। कार्यवाही नहीं होने से खराब चावल का वितरण अनवरत जारी है। इस मुद्दे को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर इस मामले में कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर को प्रेषित पत्र में उपाध्यक्ष निकिता जायसवाल ने बताया कि पीडीएस की दुकानों से इस समय खाद्यान्नों का जो वितरण किया जा रहा है उममें चावल की गुणवत्ता खराब है। पिछले कई महीनों से इसी तरह के चावल वितरण के कारण हितग्राहियों में असंतोष व्याप्त हो गया है। श्रीमती जायसवाल ने नान को निर्देशित कर खराब चावल के वितरण को तत्काल बंद कराने की मांग करते हुए ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

एग्रीस्टेक पंजीयन एवं खसरा अद्यतन हेतु 21 तक विशेष अभियान

कोरबा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 अक्टूबर से संभावित है। शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2026-27 हेतु 31 अक्टूबर तक किसान पंजीयन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। किसान पंजीयन से पूर्व किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन उपरांत की नवीन किसान पंजीयन की कार्यवाही की जा सकेगी। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नही होगी। पूर्व में पंजीकृत किसानों द्वारा सहकारी समितियों में जाकर पंजीकृत रकबा एवं खसरा का मिलान करा लिया जावे। किसान पंजीयन में पंजीकृत रकबा एंव खसरा मिलान नहीं होने की स्थिति में एग्रीस्टेक पंजीयन में खसरा अद्यतन कराने की कार्यवाही एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जावे। जिले के सभी 60 सहकारी समितियों में किसान पंजीयन हेतु दिनांक 21 अक्टूबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

भूमिगत खदान के पास जमीन धंसी, ग्रामीणों में दहशत



बांकीमोंगरा। एसईसीएल की भूमिगत खदान क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा में जमीन धंसने की घटना सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जमीन में बना गहरा गड्ढा 15 फीट से अधिक गहरा हो चुका है। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक जमीन धंसने से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। गड्ढे की गहराई अधिक होने और आसपास झाड़ियां होने के कारण खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं एसईसीएल प्रबंधन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराने, जमीन धंसने के कारणों की जांच करने तथा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है। अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाते हैं।

36 छात्रों के साथ बंजारी का मॉडल कॉलेज नई बिल्डिंग में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम बंजारी में नवनिर्मित मॉडल कॉलेज 36 छात्रों के साथ नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया है। जहां तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं बन सकी है और हॉस्टल का निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ है। इस वर्ष कॉलेज में महज 12 छात्रों ने ही प्रवेश लिया है। अब तक यह कॉलेज कभी पीजी कॉलेज के बिल्डिंग में तो कभी बरपाली कॉलेज में अस्थायी रुप से चल रहा था।

केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा विस्तार योजना अंतर्गत प्रदेश के कुछ जिलों में मॉडल कॉलेज स्वीकृत किये थे जिनमें कोरबा जिले के करतला ब्लॉक का ग्राम बंजारी कॉलेज शामिल था जहां मॉडल कॉलेज की स्वीकृति दी गई। वर्ष 2018 में लोक निर्माण विभाग के द्वारा बिल्डिंग निर्माण का काम शुरु किया गया और लगभग पांच साल बाद कॉलेज का एकेडमी सेक्शन की बिल्डिंग तैयार हो गई लेकिन छात्रों के रहने के लिए बनाया जा रहा हॉस्टल अभी भी अधूरा है। पिछले सोमवार से बरपाली कॉलेज में चल रहे मॉडल कॉलेज को बंजारी के नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है और अभी तक छात्रों का जाना भी शुरु नहीं हुआ है जबकि बीए बीकॉम, ⏭शेष पेज 3 पर

हॉस्टल का निर्माण अभी भी पड़ा हुआ है अधूरा

खास बातें

- इस वर्ष महज 12 छात्रों ने ही लिया है प्रवेश
- 2018 से चल रहा था कॉलेज भवन का निर्माण कार्य



संसाधन की बनी हुई है कमी

नई बिल्डिंग में बंजारी मॉडल कॉलेज को शिफ्ट तो कर दिया है लेकिन संसाधनों की कमी बरकरार है। पानी का भी संकट नजर आ रहा है। फर्नीचर की व्यवस्था पीजी कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अपने स्तर पर किसी स्कूल के फर्नीचर से व्यवस्था कर मॉडल कॉलेज भेजा गया है। जबकि कॉलेज में ना तो लैब शुरु किया गया है और ना ही लाईटिंग की व्यवस्था की गई है हालांकि कुछ बिल्डिंग में बिजली की सप्लाई जरुर शुरु हो गई है।

नहर में बने पुराने पुल से गुजरना पड़ता है

मॉडल कॉलेज जाने के लिए कोरबा चांपा मुख्यमार्ग से सिंचाई विभाग की नहर में बने पुराने पुल से ही गुजरना पड़ता है। सड़क मार्ग का निर्माण कॉलेज तक अभी भी नहीं किया गया है। जबकि इसके लिए डीएमएफ से राशि दिए जाने की बातें सामने आयी थी लेकिन अब तक ऐसी कोई स्थिति सड़क निर्माण को लेकर सामने नहीं आयी है। उक्त मार्ग से ही कॉलेज के स्टॉफ को आवागमन करना पड़ रहा है।

समितियों की बैठक लेकर पहले ही दिए गए हैं सुरक्षा के निर्देश

विजयादशमी को लेकर पुलिस अलर्ट, जिले भर में 500 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पावन पर्व दशहरा विजयादशमी 20 अक्टूबर को जिले भर में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि नागरिक शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में उत्सव का आनंद ले सकें। इसके लिए जिले भर में 500 से अधिक पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी तैनात रहेंगे।

दशहरा उत्सव को लेकर ऊर्जाधानी में इन दिनों जोरदार तैयारियां चल रही हैं। जगह-जगह आकर्षक और विशाल रावण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख स्थलों जैसे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1, घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम, महाराणा प्रताप नगर, शिवाजी नगर, बुधवारी बाजार, मुड़ापार बाजार, पुराना बस स्टैंड, लाल मैदान दर्री, दीपका, कुसमुंडा, कटघोरा समेत अन्य उपनगरीय क्षेत्र में भी रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। त्योहार के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था और सुचारू यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखनलाल पटले और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी को सौंपी है। अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर के हर प्रमुख मार्ग और रावण दहन स्थलों पर 500 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पुलिस बल की यह तैनाती सुनिश्चित करेगी कि उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी नागरिक सुरक्षित माहौल में पर्व का जश्न मना सकें।

कोतवाली पुलिस ने की असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई



जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी त्यौहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देशानुसार थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 18 अक्टूबर को थाना कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले असामाजिक तत्वों, बदमाश एवं गुण्डा प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध शांति भंग होने की आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। आरोपियों में तुलसीनगर निवासी शहबाज अली 28 वर्ष पिता हैदर अली, संजयनगर स्टेशन रोड निवासी अनुराग कुमार खुटे 20 वर्ष पिता दिलीप कुमार, इमलीडुग्गू निवासी दीपक सोनवानी, 21 वर्ष पिता रामू सोनवानी, कुंजनगर नवधा पंडाल सीतामढ़ी निवासी मोहन केवट 42 वर्ष पिता चिंतामणी केवट, रानी रोड पुरानी बस्ती निवासी विशाल दास 29 वर्ष पिता स्व. मुकुरित दास, मोतीसागर पारा निवासी छोटू यादव 38 वर्ष पिता स्व. साधु राम यादव एवं सूरज दास महंत, 22 वर्ष पिता स्व. श्रवण दास महंत शामिल हैं। वहीं लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी रामसागर पारा निवासी सुखलाल यादव 48 वर्ष पिता भूषण लाल यादव को गिरफ्तार किया गया है।

133 वारंटों की तामीली, गिरफ्तार वारंटियों को भेजा गया जेल

जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा फरार वारंटियों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पिछले सात दिनों के दौरान कोरबा पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 133 वारंटों की तामीली की है। कार्रवाई के दौरान 71 स्थायी वारंटों की तामीली एवं 62 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की गई। वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई तथा जेल भेजा गया है।

पूजा पंडाल में तैनात सीएफ का जवान नशे में था धुत, बटालियन भेजा गया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा व गरबा डांडिया स्थलों में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। जिला बल के साथ सीएफ के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान निहारिका क्षेत्र के एक पूजा पंडाल में सीएफ का जवान शराब के नशे में हंगामा करता पाया गया। जिला पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएफ के जवान के खिलाफ डॉक्टरी मुलाहिजा कराते हुए उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उसे वापस लौटा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि दुर्गा पंडालों में शाम होते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर गरबा डांडिया स्थलों में अधिक भीड़ होती है। इन स्थलों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था बनी रहे इसके लिए जिला पुलिस के साथ बटालियन से पहुंचे सीएफ के जवानों की भी अलग-अलग पंडालों मं ड्यूटी लगाई जा रही है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम निहारिका क्षेत्र के एक पूजा पंडाल में 13वीं बटालियन मड़वारानी के आरक्षक पवन कुमार जाट की ड्यूटी लगी हुई थी। वह इस दौरान शराब के नशे में धुत्त होकर हंगामा कर रहा था। जिसकी सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सीएफ के आरक्षक पवन कुमार जाट को अपने साथ ले गई। रक्षित निरीक्षक अनंत राम पैकरा ने बताया कि सीएफ का जवान का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया है। उस दौरान वह शराब के नशे में था। उक्त आरक्षक को 13वीं बटालियन मड़वारानी में पुनः वापस कर दिया गया है और उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए बटालियन के अफसरों को पत्र लिखा गया है।

खास बात

- 13वीं बटालियन मड़वारानी से ड्यूटी के लिए आया ता कोरबा



सीएफ का आरक्षक।

प्रदेश में बढ़ी बिजली की मांग के बीच कोयले की कमी ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ने के बीच हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) में कोयले का स्टॉक एक बार फिर क्रिटिकल स्तर पर पहुंच गया है। संयंत्र में महज 74 हजार टन कोयला उपलब्ध है, जबकि सभी इकाइयों के चालू रहने पर प्रतिदिन करीब 22 हजार टन कोयले की खपत हो रही है। इस हिसाब से संयंत्र में पांच दिन से भी कम का कोयला शेष है। ऐसे में कुसमुंडा खदान से कोयले की आपूर्ति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

रखरखाव के बाद एचटीपीपी की सभी इकाइयों के संचालन और फुल लोड पर उत्पादन से कोयले की दैनिक खपत में तेजी आई है। मौजूदा स्टॉक की स्थिति को देखते हुए यदि आपूर्ति में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में संयंत्र के नियमित संचालन पर दबाव बढ़ सकता है। कोयला स्टॉक में सुधार के लिए ⏭शेष पेज 3 पर

खास बात

- एचटीपीपी में कोयला स्टाक क्रिटिकल, कुसमुंडा से सप्लाई बढ़ाने पर जोर



फाइल फोटो

चलती कार पर युवतियों का खतरनाक स्टंट, सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि पर्व के दौरान चलती कार पर युवतियों का खतरनाक स्टंट, वीडियो वायरल होते ही पुलिस का एक्शन में आई और कार के चालक व युवतियों के खिलाफ धारा 181, 285, 292, एमवी एक्ट 123, 125, 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया में रील बनाने का शौक लगातार लोगों में बढ़ता जा रहा है। इसके लिए युवक युवती किसी भी हद तक जा रहे हैं। शनिवार की रात मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर नगर इलाके में तीन युवतियों ने चलती कार पर खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवती चलती कार के बोनट पर लेटी दिखाई दे रही है, जबकि दो अन्य युवतियां कार के दोनों तरफ दरवाजों पर लटककर डांस करती नजर आ ⏭शेष पेज 3 पर

खास बात

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल नगर का मामला



चलती कार स्टंट करती युवती की वायरल वीडियो।

नवरात्रि के दौरान दूसरों की जान से खिलवाड़

कार के बोनट पर गरबा ड्रेस पहने एक युवती लेटी हुई है। वहीं, दो अन्य युवतियां कार के दोनों तरफ खुले दरवाजों पर लटककर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में तीनों युवतियां बेफिक्र अंदाज में स्टंट करती दिखाई दे रही हैं। हालांकि, इस तरह की गतिविधि से उनकी खुद की जान के साथ सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों की सुरक्षा को भी खतरा हो सकता था। क्योंकि इन दिनों नवरात्रि का दौर चल रहा है सभी सड़कों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लेकिन इसके बाद भी रील के चक्कर में स्टंटबाजी करना कितना खतरनाक हो सकता है। जरा सी गलती और दूसरों की भी जान जा सकती है। लोग लगातार सोशल मीडिया में वायरल होने के लए तरह तरह के रील्स बना रहे हैं।

उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर की अध्यक्षता में सड़क डामरीकरण कार्यो का भूमिपूजन

सवा 24 करोड़ से होगा निगम क्षेत्र की सड़कों का कायाकल्प, आवागमन होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, विगत ढाई वर्षो से ज्यादा के इस कार्यकाल में विभिन्न मदों से 1100 करोड़ रूपये के छोटे-बडे. विकास कार्य स्वीकृत कराये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें जिला खनिज न्यास मद की सौगात दी है, इससे व्यापक रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, कोरबा खनन प्रभावित क्षेत्र है, अतः कोरबा के सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो, इस पर विशेष फोकस किया जा रहा है। 24 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से सड़कों के डामरीकरण कार्य का जो कार्य प्रारंभ कराया गया है, उसमें निगम क्षेत्र की 90 प्रतिशत सड़कें कवर हो गयी हैं, शेष सड़कों का भी शीघ्र निर्माण किया जायेगा।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम क्षेत्र में 24 करोड़ 20 लाख 62 हजार रूपये की लागत से 20 सड़कों के नवीनीकरण कार्यों के भूमिपूजन अवसर के दौरान कही। उद्योग मंत्री व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी महत्वपूर्ण कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों, एल्डरमेनगणों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही। ⏭शेष पेज 3 पर



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व मंचस्थ अन्य अतिथि।

अधोसंरचना विकास को मजबूती देने का हो रहा कार्य

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शहर की अधोसंरचना को मजबूती देने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है, विगत एक वर्ष के दौरान व्यापक रूप से विकास कार्य जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत किये गये हैं। उन्होने कहा कि शहर ही नहीं ग्राम पंचायतों में भी अधोसंरचना विकास पर कार्य किया जा रहा है, आंगनबाड़ी भवनों, स्कूल भवनों को स्वीकृति दी जा रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने दर्री से बरमपुर रोड निर्माण, ध्यानचंद चौक से परसाभांठा व उसके आगे ढेगुरनाला तक फोरलेन निर्माण, कोरबा शहर की उरगा से बेहतर कनेक्टिविटी हेतु सड़क निर्माण, कोसाबाड़ी से रिसदी की ओर फोरलेन सड़क निर्माण सहित अन्य सड़कों के निर्माण का उल्लेख करते हुये कहा कि इससे सभी दिशाओं में शहर की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

बढ़ेगी सुविधा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि इन सभी सड़कों के डामरीकरण से आवागमन सुगम होगा, पूर्व में सड़कें उखड़ गई थी, किन्तु बरसात के कारण सड़कों का काम रूका हुआ था तथा बरसात खत्म होने की प्रतीक्षा थी, अब इन सड़कों का डामरीकरण होगा। उन्होने अधिकारियों से कहा कि डामरीकरण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, महापौर ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से कोरबा निगम क्षेत्र को 1100 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हो चुकी है।

31 तक चलेगा मतदाता पंजीकरण अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

खबर संक्षेप

सप्तमी की रात रतनपुर में 25 किलो कड़े जब्त

बिलासपुर। सप्तमी की शाम से हजारों की संख्या में पदयात्रा व वाहनों में दर्शनार्थी मां महामाया देवी की दर्शन करने रतनपुर जा रहे थे। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में शांती व्यवस्था बनाने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय, टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शाम होते ही महामाया चौक, शनिचरी बाजार चौक, गिरजाबंद चौक में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने जाने वालों की जांच की जा रही थी। इस दौरान हाथ में भारी भरकम कड़ा पहनने पर उसे उतरवा कर जब्त किया जा रहा था। देर रात तक चले अभियान में पुलिस ने 25 किलो वजनी भारी भरकम कड़ा जब्त किया है। ज्ञात हो कि पिछले साल कोतवाली पुलिस ने दुर्गा विसर्जन के दौरान इसी तरह विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में भारी भरकम कड़ा जब्त किया था।

डीजल चोरों को पकड़ने वाला आरक्षक लाइन अटैच

बिलासपुर। बिना इवेंट के दूसरे थाना क्षेत्र में डीजल चोरों को पकड़ने के लिए जाने वाले डायल 112 के आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। गुरूवार की रात सिरगिट्टी थाने के डायल 112 का आरक्षक चंद्रकांत निर्मलकर बिना इवेंट के दूसरे तोरवा थाना क्षेत्र में जाकर डीजल चोरी के संदेह पर कुछ लोगों को पकड़ लिया। संदिग्ध आरक्षक का कालर पकड़कर गाली गलौज करने लगे। आरक्षक ने सिरगिट्टी थाना प्रभारी को फोन कर घटना की जानकारी दी। प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और बल के साथ मौके पर जाकर संदिग्धों को पकड़कर थाने लेकर गए। बाद में थाना क्षेत्र नहीं होने के कारण संदिग्धों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पकंज पटेल ने आरक्षक चंद्रकांत निर्मलकर को लाइन अटैच कर दिया है। सिरगिट्टी टीआई यशवंत प्रताप सिंह ने बताया कि आरक्षक को लाइन अटैच किया गया है।

मुक्तांजली के वाहनों की कमी, शव ले जाने में देरी

बिलासपुर। 9 सालों से जिले में 8 मुक्तांजली वाहन के सहारे शव को



गंतव्य स्थानों तक भेजा जाता रहा है, लेकिन सरकार के आदेश के बाद इनमें 3 वाहनों को कोटा, मस्तुरी और जीपीएम भेज दिया गया है। जिसके बाद जिले शहर में 5 वाहन के भरोसे ही व्यवस्था चलाई जा रही है। सरकारी वाहन 02 पंजीयन के तहत रजिस्टर्ड वाहनों को कोटा, मस्तुरी और जीपीएम भेज दिया गया है, यह वाहन 2017-18 से शहर में तैनात थे, जिसके माध्यम से सिम्स और जिला अस्पताल से शव को गंतव्य स्थान तक भेजा जाता रहा है। दरअसल टोल फ्री नंबर 1099 पर कॉल करने के बाद सिम्स व जिला अस्पताल से शव को भेजा जाता रहा है, 8 वाहनों होने के कारण शव को भेजने में आसानी होती थी, लेकिन अब वाहन की कमी होने के बाद परिजनों को इंतजार करना पड़ रहा है हालांकि कोटा व मस्तुरी जैसे ब्लॉक में रखी गए वाहन भी जिले में कार्य कर रही है, लेकिन इन जगहों पर दिक्कत नहीं होने के बाद भी वाहनों को रखा गया है, जबकि सर्वाधिक शव सिम्स और जिला अस्पताल से ही छग के अन्य जिलों और गांवों तक पहुंचाए जाते रहे हैं।

फिर भी योजना फाइलों में अटकी

जिले के चार ब्लाकों में स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जाना है, विद्यार्थी अब भी पुराने ढर्रे पर ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं

जिले में चार और प्रदेश में बनाए जाने हैं 108 उत्कृष्ट स्कूल, 100 करोड़ का बजट भी

बिलासपुर। प्रदेश के हर ब्लाक में आधुनिक सुविधाओं से लैस स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल विकसित करने की योजना फिलहाल कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी है। शासन ने प्रदेशभर में 108 स्कूलों का चयन तो कर लिया है, लेकिन चयनित स्कूलों में अब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ है। खास बात यह है कि इन्हीं स्कूलों को इसी सत्र से आधुनिक बनाने के लिए करीब 100 करोड़ रुपए का बजट प्रविधान किया गया है। बावजूद इसके विद्यार्थी अब भी पुराने ढर्रे पर ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बिलासपुर की बात करें तो जिले के चार ब्लाकों में स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जाना है।

योजना के तहत चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जानी हैं। उद्देश्य



विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। लेकिन सत्र शुरू होने के महीनों बाद भी योजना की रफ्तार जमीन पर नजर नहीं आ रही है। ऐसे में बजट प्रविधान और स्कूलों के चयन के बावजूद विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के लिए अभी इंतजार करना पड़ रहा है। समग्र शिक्षा के मुताबिक चयनित स्कूलों की सूची शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। इसके साथ ही स्कूलों में रिक्त पदों और भवनों की स्थिति से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। अब आगे की प्रक्रिया शिक्षा विभाग स्तर पर होनी है। सवाल यह है कि जब इसी सत्र से स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है तो अब तक कार्ययोजना और निर्माण-उन्नयन का काम जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है।

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार इन स्कूलों के शुरू होने से ग्रामीण बच्चों को निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। तकनीक आधारित पढ़ाई से सीखने की गुणवत्ता बढ़ेगी। इससे सरकारी स्कूलों की छवि सुधरेगी, नामांकन बढ़ेगा और गरीब तब के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी समान अवसर मिलेगा।

यह होंगा सुविधाएं

इन विद्यालयों में पारंपरिक पढ़ाई की जगह पूरी तरह तकनीक आधारित शिक्षण होगा। स्मार्ट क्लास और डिजिटल बोर्ड, ब्लैकबोर्ड-चॉक की जगह स्मार्ट स्क्रीन से पढ़ाई, आधुनिक साइंस और कंप्यूटर लैब, आईसीटी आधारित शिक्षण व्यवस्था, समृद्ध पुस्तकालय और ऑडिटोरियम, इनडोर स्पोर्ट्स डोम, बैडमिंटन हॉल और वॉलीबॉल ग्राउंड।

भर्ती प्रक्रिया शुरू, अगले सत्र से संचालन

उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए शासन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, गणित, इतिहास, रसायन सहित अन्य विषयों के व्याख्याता, शिक्षक, ग्रंथपाल, व्यायाम शिक्षक, भृत्य, चौकीदार और सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। उम्मीद है कि आगामी शिक्षण सत्र से इन विद्यालयों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

सूची भेज दी गई है

चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जानी हैं। उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। चयनित स्कूलों की सूची संचालनालय को भेज दी गई है।

- वासूदेव पांडे, शहरी स्त्रोत समन्वयक

सड़क जाम...



रविवार को मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए देर रात तक लगा रहा जाम, तेलीपारा मुख्य मार्ग पर लगी रही भीड़।

एटीआर की नहीं सुधर रही जर्जर सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर का रास्ता काफी खराब हो चुका है, जिसकी स्थिति सुधारने के लिए 32 करोड़ 34 लाख 9 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस रास्ते के सुधारने से वर्षों से निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग पूरी होगी। राशि स्वीकृत होने के बाद भी सड़क का काम अब तक शुरु नहीं किया गया है।

- लोकनिर्माण विभाग की ओर से कार्यादेश जारी

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया।

प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। कोटा-अचानकमार केंवची मार्ग के किलोमीटर 34, 36, 39, 40 से 56, 57 से 98 57.60 में मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। निविदा के बाद कार्यादेश जारी किया गया है।

शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

शहरवासियों को जून महीने तक तैयार मिलेगा अरपा पर एक और नया पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को चिंगराज, चांटीडीह, अपोलो अस्पताल या राजकिशोरनगर तक पहुंचने के लिए जल्द ही अरपा नदी पर एक और बड़ा पुल तैयार मिलेगा। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा शनिचरी रपटा के बराबर से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। पुल के लिए पिलर बारिश के पहले ही खड़े किए जा चुके थे। विभाग के अनुसार जून 2027 तक पुल बनकर तैयार हो जाने की संभावना है।

- शनिचरी रपटा के बराबर से बड़े पुल का निर्माण प्रारंभ

शहर को अरपा नदी पर आवागमन के लिए बहुत जल्द ही एक और बड़ा पुल मिल जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग ने शनिचरी रपटा के बराबर से एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। 11.06 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस पुल की लंबाई 305 मीटर होगी व चौड़ाई 10 मीटर होगी। विभाग के अनुसार पूरी संभावना है कि आठ महीने के भीतर जून 2027 तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। शनिचरी से चिंगराज पारा,चांटीडीह एवं साइंस कालेज की ओर जाने वालों के लिए रपटा ही एकमात्र विकल्प था। हालांकि बरसों से शहरवासियों को नदी पार कराने में रपटा की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन पेंड्रा क्षेत्र में भारी बारिश होने की स्थिति में अरपा का बहाव तेज होने से साल में कम से कम एक बार रपटा के डूबने की स्थिति बनती ही है। ऐसे में रपटा पर आवागमन काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सेतु संभाग द्वारा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण करने के बाद शहरवासी भरी बरसात में भी चिंगराज व चांटीडीह की ओर सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे।



फुटपाथ के साथ बनेगा उच्च स्तरीय पुल

अरपा नदी पर बनाया जा रहा पुल उच्च स्तरीय होगा, जिसकी हाईट इतनी होगी कि बाढ़ से आवागमन प्रभावित नहीं होगा। रामसेतु के बराबर से बनाए गए फोरलेन पुल पर फुटपाथ की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन रपटा के बराबर से बनाए जा रहे इस नए पुल पर चार फीट चौड़ाई में फुटपाथ भी बनाया जाएगा। ताकि पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन करते बन सके।

निर्माण कार्य प्रारंभ

रपटा के बराबर से एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण का काम प्रारंभ किया गया है। पुल के पिलर पहले ही खड़े किए जा चुके हैं। पुल पर पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए फुटपाथ का निर्माण भी किया जाएगा। पूरी संभावना है कि जून 2027 तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाए।

-नितेश तिवारी, ईई
पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग

निःशुल्क राजयोग शिविर 21 से

बिलासपुर। ब्रह्माकुमारी ओम शान्ति सरोवर उसलापुर में बुधवार 21 अक्टूबर से तीन दिवसीय निःशुल्क राजयोग शिविर प्रारंभ होगा। शिविर का समय प्रातः साढ़े 8 से साढ़े 9 बजे तथा सायं 5 से 6 बजे तक रहेगा। इच्छुक भाई-बहन अपनी सुविधानुसार किसी एक सत्र में भाग लेकर राजयोग का लाभ ले सकते हैं। सेवा केंद्र की संचालिका बीके छाया दीदी ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में योगा और शांति का मार्ग बताया जाएगा।

मार्निंग वाक पर निकले ग्रामीण को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

बिलासपुर। मार्निंग वाक पर निकले ग्रामीण को तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक



चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण की मौत हो गई है।

बै मा निवासी गोविंद सोनी ने बताया, गांव में रहने वाले उनके जीजा भागवत सूर्यवंशी पिता स्व. गेंदराम सूर्यवंशी 47 साल रविवार की सुबह 5.30 बजे घर के कुत्ते को लेकर मार्निंग वाक पर निकले थे। वे कुत्ते को लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार कर दी और भाग गया। बाइक में चालक के अलावा एक अन्य युवक भी बैठा हुआ था। हादसे में श्री सूर्यवंशी के सिर में गंभीर रूप से चोट आई थी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस अपराध कायम कर बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

मवेशी से टकराकर तीन युवक घायल

ग्राम भरारी निवासी अज्जू रजक, कृष्णा सूर्यवंशी, रामू रविवार की सुबह रतनपुर से मां महामाया देवी का दर्शन कर बाइक से लौट रहे थे। तेज रफ्तार में उनकी बाइक सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गई, जिससे वे नीचे गिर गए। हादसे में तीनों घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

युवती से अनाचार बनाया वीडियो, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पुलिस ने किराए का मकान दिलाकर युवती से अनाचार कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार जांजगीर जिला की रहने वाली एक युवती शहर में किराए के मकान में रहकर सेलून में काम कर रही है। जुलाई 2025 में उसकी मुलाकात अभिषेक नगर फेस 1 निवासी विशाल पुरी गोस्वामी पिता चंद्रपुरी गोस्वामी से हुई। बातचीत के दौरान युवती ने उसे किराए में मकान खोजने की बात कही। विशाल ने उन्हें सिविल लाइन क्षेत्र में किराए में मकान दिलाया। जिसमें युवती अपने सहेली के साथ रह रही थी। अगस्त माह में उसकी सहेली किराए के मकान में नहीं थी। रात 10 बजे विशाल ने फोनकर पूछा कहां हो उन्होंने कहा उसकी सहेली नहीं है और वह खाना बना रही है। विशाल उसके घर आ गया और जोर जबरदस्ती कर अनाचार कर मोबाइल में वीडियों बना लिया। गर्भ ठहरने पर युवक ने गोली खिलाकर गर्भपात करा दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

चोरी की दो बाइक व बैटरी सहित 6 युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो बाइक, एक बैटरी जब्त किया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, शिवशंकर सिंगरौले 14 अक्टूबर को एयरपोर्ट की ओर घूमने गए थे। सड़क किनारे बाइक खड़ी कर वे पैदल घूमने चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस श्री सिंगरौले की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच में जुट



गई। टीआई भावेश शेंडे, भागवत चंद्राकर, सतपुरन जांगड़े ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अमन वर्मा पिता संतोष वर्मा 23 साल विकासनगर चकरभाठा, रंजीत श्रीवास पिता विजय श्रीवास 23 साल विकासनगर, आशीष वर्मा पिता मनोज वर्मा 22 साल चकरभाठा, अजय उर्फ अज्जू वर्मा पिता जितेन्द्र वर्मा 28 साल चकरभाठा, नरेश गोंड़ पिता संतोष गोंड़ 23 साल नयापारा, मानस यादव पिता प्रहलाद यादव 20 साल अचानकपुर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

कड़ाई बरतने पर सभी ने एक राय होकर उक्त बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक व एक बैटरी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आगजनी, मारपीट के बाद अब एक्शन मोड में पुलिस, एक दर्जन से अधिक हिरासत में

सूरजपुर/बिहारपुर। सड़क दुर्घटना के बाद चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा की गई आगजनी, अधिकारियों से मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही लगभग दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं घटना के बाद से बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव से फरार हो गए है। वहीं महिला की मौत के मामले में भी पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और अपराध दर्ज कर घटना की जांच चल रही है। एसपी खुद बिहारपुर में बैठकर कार्रवाई की निगरानी कर रहे है।

सड़क दुर्घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के उग्र होने और तहसीलदार, एसडीओपी और टीआई के साथ मारपीट करने, आगजनी करने के साथ ही तोड़फोड़ जैसी घटनाओं को लेकर पुलिस एक्शन मोड़ में आ गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी के निर्देश पर चांदनी थाना की पुलिस द्वारा मामले में आगजनी, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा, हत्या के प्रयास,



तोड़फोड़, निजी सम्पति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस के अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है लेकिन एसपी योगेश पटेल खुद क्षेत्र में मौजूद है और कार्रवाई की निगरानी कर रहे है। गांव में तोड़फोड़, अधिकारियों से मारपीट और आगजनी जैसी घटनाओं में शामिल लोगों की पहचान करने के साथ ही उन्हें हिरासत में लेने का कार्य चल रहा है। अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव से फरार हो गए है।

चरित्र शंका पर युवक ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना उप सरपंच अनिल तिवारी ने16 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव के राम वृक्ष कोरवा ने पत्नी चिंतामणि कोरवा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा व पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इसके साथ ही पुलिस ने मृतिका के पति रामवृक्ष कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। घटना दिवस को भी मृतिका मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से बात कर रही थी और अपने वर्षीय पुत्र को अपने साथ लेकर जाने की जिद कर रही थी।

चाकू के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरात मौत, आरोपी युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई है। पुलिस ने फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी पकंज पटेल ने बताया, 17 अक्टूबर की रात 8.30 बजे मेंड्रा निवासी राजकुमारी यादव 56 साल की नातिन 3 साल की



मृतका।



घायल।



आरोपी।

बच्ची घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश में पड़ोसी प्रशांत शुक्ला 26 साल चाकू की नोक पर बच्ची को उठाकर ले जा रहा था। बच्ची की मां व दादी उसे छुड़ाने गईं तो प्रशांत ने दादी राजकुमारी पर चाकू से हमला कर दिया और बच्ची को छोड़कर भाग गया। परिजन के द्वारा गंभीर अवस्था में राजकुमारी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव में पतासाजी कर आरोपी प्रशांत शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है।

खबर संक्षेप

छात्राओं ने किया गौरवान्वित, बढ़ाया महाविद्यालय का मान

अकलतरा। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा आयोजित कुल उत्सव 2026 के द्वितीय चरण में श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया। द्वितीय चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में किया गया था, जिसमें निबंध, भाषण, चित्रकला और लोकनृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस आयोजन में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बनाहिल महाविद्यालय की बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा आयुषी साहू ने चित्रकला प्रतियोगिता में और बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुमन नवरत्न ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों छात्राओं का चयन अब तृतीय एवं अंतिम चरण के लिए हो गया है, जिसका आयोजन 24 अक्टूबर को रायगढ़ में विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा। छात्राओं की इस उपलब्धि पर टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी.आर. लहरे एवं रासेयो के जिला संगठक डॉ. पुष्पा सिंह ,श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल के संचालक डॉ. जय कुमार जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए अंतिम चरण में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हसौद। हसौद पुलिस की टीम ने 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक जयराम साहू के नेतृत्व में हसौद पुलिस की टीम अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हसौद पुलिस की टीम ने एक बार फिर मुखबिर की सूचना पर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा में दबिश देकर रोहित कुमार आजाद पिता दमला आजाद के कोला बाड़ी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के 5 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी 5 लीटर कच्ची महुआ शराब और हरे रंग की 2 लीटर क्षमता वाली पारदर्शी बोतल में भरी 2 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

पृष्ठ 1 का शेष

36 छात्रों के साथ...

बीएससी में महज 36 छात्र ही दर्ज है। कॉलेज को चलाने के लिए बढ़ते दबाव के कारण आनन फानन में नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है वहीं गेस्ट फैकल्टी के भरोसे कॉलेज को चलाने की तैयारी चल रही है।

प्रदेश में बढ़ी...

कुसमुंडा खदान से सप्लाई बढ़ाना अहम माना जा रहा है। प्रदेश में मौसम खुलने के बाद बिजली की अधिकतम मांग करीब 6 हजार मेगावाट तक पहुंच रही है। उमस भरे मौसम, बारिश की कमी से फसल सिंचाई के लिए कृषि पंपों के बढ़ते संचालन तथा एसी-कूलर के उपयोग से मांग में इजाफा हुआ है। ऐसे समय में एचटीपीपी में कोयले का स्टॉक कम होना बिजली उत्पादन व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन गया है। दूसरी ओर डीएसपीएम पावर प्लांट की एक इकाई वार्षिक रखरखाव के कारण बंद है। इससे प्रदेश को उत्पादन कंपनी से करीब 250 मेगावाट घरेलू बिजली कम मिल रही है। मांग पूरी करने के लिए अन्य राज्यों से बिजली लेनी पड़ रही है। ऐसे में एचटीपीपी में कोयले की उपलब्धता कम होने से बाहरी बिजली पर निर्भरता और बढ़ने की आशंका है।

चलती कार...

रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार चालक व युवतियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

सवा 24 करोड़...

निगम क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद, 15वें वित्त, जिला खनिज न्यास संस्थान मद एवं विधायक मद आदि से कोरबा जोन, टीपीनगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, बालको व दर्री जोन तथा सर्वमंगलानगर जोन आदि की विभिन्न 20 सड़कों का डामरीकरण कार्य 24 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से किया जाना हैं। निगम क्षेत्र के कोसाबाड़ी चौक में उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वृहद भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन कार्यो का भूमिपूजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, इन सड़कों के डामरीकरण, जीर्णोद्धार व नवनिर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा नागरिकों को आने जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र पाण्डेय, डॉ.राजीव सिंह, योगेश जैन, प्रफुल्ल तिवारी, मेयर इन काउंसिल सदस्य नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, फिरतराम साहू, अजय गोंड़, चन्द्रकली जायसवाल, प्रेमकुमार साहू, ममता यादव, सत्येन्द्र दुबे, लक्ष्मण श्रीवास, पंकज देवांगन, रामकुमार साहू, युगल कैवर्त्य, चन्द्रलोक सिंह, ईश्वर पटेल, अमिलाल चौहान, राकेश वर्मा, चेतन सिंह मैत्री, सुषमा रमा शंकर, वर्षा दिनेश वैष्णव, प्रीति दिनेश शर्मा, धनश्री अजय साहू के साथ अन्य पार्षद, एल्डरमेनगण व बड़ी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

शत-प्रतिशत सीसीई एग्री ऐप से होंगे फसल कटाई प्रयोग

फसल कटाई का हर आंकड़ा अब मोबाइल ऐप पर, बीमा दावों की गणना होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में अधिसूचित फसलों के फसल कटाई प्रयोग (सीसीई)

खास बात

- नए संस्करण के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

अब शत-प्रतिशत सीसीई एग्री मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जाएंगे। फसल कटाई से प्राप्त उपज के आंकड़े किसानों के बीमा दावों की गणना में महत्वपूर्ण आधार बनेंगे। ऐसे में प्रशासन ने प्रयोगों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के सभी तहसीलदारों, विकासखंड स्तरीय पर्यवेक्षण समितियों के अध्यक्षों, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों तथा समितियों के सचिवों को फसल कटाई प्रयोग समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है, ताकि फसल बीमा योजना के


फाइल फोटो

तहत किसानों के दावों की प्रक्रिया में किसी तरह की देरी न हो। भारत सरकार के निर्देश के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत होने वाले फसल कटाई प्रयोगों में सीसीई एग्री मोबाइल ऐप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। ऐप के नए संस्करण में पिछले संस्करण की तुलना में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन्हीं बदलावों और ऐप के संचालन की जानकारी देने के लिए कृषि, राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग के विकासखंड व तहसील स्तर के मास्टर ट्रेनरों तथा प्राथमिक उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत 2 सितंबर को सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद ईवीपीजी महाविद्यालय खेल मैदान में व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया। वहीं 7 सितंबर को जिले के प्रत्येक विकासखंड व तहसील के मास्टर ट्रेनरों और प्राथमिक उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया, ताकि फसल कटाई प्रयोगों के दौरान ऐप के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी न हो। फसल कटाई प्रयोगों के आंकडे सौधे किसानों के फसल बीमा दावों से जुड़े होने के कारण प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने की तैयारी की है।

उपज का आंकड़ा तय करेगा बीमा दावे का आधार

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिसूचित फसलों को वास्तविक सीसीई एग्री ऐप में दर्ज आंकड़ों के आधार पर पात्र बीमित किसानों के दावों की गणना की उपज का आकलन फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किया जाता है। जाती है। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत बीमा कंपनी द्वारा किसानों को दावा राशि का किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। डिजिटल माध्यम से प्रयोगों की जानकारी दर्ज होने से प्रक्रिया भुगतान किया जाता है। है। इस लिहाज से फसल कटाई प्रयोग में दर्ज होने वाला प्रत्येक आंकड़ा में पारदर्शिता और आंकड़ों के समयबद्ध संकलन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता


मुख्य अतिथि के साथ आयोजन समित के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गा पंडाल बस स्टैंड में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल थे। अन्य अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश कुमार जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, छोटेलाल पटेल, यदुराज राठौर, श्रवण यादव, मृगेंद्र सिंह उपस्थित थे। सामूहिक डांस में प्रथम पुरुस्कार नरसिम्हा डांस ग्रुप सरकंडा बिलासपुर 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार आइडल डांस ग्रुप कोरबा 71 सौ रुपये, तृतीय पुरस्कार द किंग ग्रुप पाली पोड़ी 51 सौ रुपये, चतुर्थ पुरस्कार वीके डांस ग्रुप महासमुंद 31 सौ रुपये, पंचम पुरस्कार डीडीएस ज्वाली 21 सौ रुपये, षष्ठी पुरस्कार सुप्रिया डांस ग्रुप मुरली 11 सौ रुपये, सप्तम पुरस्कार बदमाश डांस ग्रुप 501/ रुपये, अष्टम पुरुस्कार रेड एंजल ग्रुप 501/युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ठगिया दुलारी 51 सौ रुपये, द्वितीय पुरस्कार जय छत्तीसगढ़ पामगढ़ 31 सौ रुपये तृतीय पुरस्कार निधि निलेश बिलासपुर 21 सौ रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार चाचा भतीजी 11 सौ रुपये, एकल डांस में प्रथम पुरस्कार कोयांसी मरावी जेवरा 31 सौ रुपये, द्वितीय पुरुस्कार पार्वती 21 सौ रुपये, तृतीय पुरस्कार एनजे महंत 11 सौ रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार सोनम 11 सौ पंचम पुरस्कार आशिका कंवर 501 रूपये, षस्टम पुरस्कार प्राची 501 रूपये, सप्तम पुरस्कार विजय 501/रूपये, अष्टम पुरुस्कार टी बॉय 501 रूपये, नवम पुरस्कार एक्शन राजा 501 रूपये समिति के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

सिटी बस शुरू करने से पहले सड़कें दुरुस्त करने की मांग


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में सिटी बस सेवा शुरू होने की उम्मीद के बीच आम आदमी पार्टी ने बस संचालन से पहले सड़क और यात्री सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

खास बात

- आप ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर की कई सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में सिटी बस संचालन शुरू करने से पहले सड़कों की मरम्मत और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए। पार्टी ने आशंका जताई कि खराब सड़कों के बीच बसों का संचालन होने पर दुर्घटना और जनहानि का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बस संचालन में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की गई है। आप ने छात्रों के लिए निशुल्क सिटी बस सेवा उपलब्ध कराने के साथ दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को भी विशेष सुविधा देने की मांग की है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बसों में सीट आरक्षण निर्धारित करने की बात कही गई है। साथ ही बसों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, प्रत्येक बस में किराया सूची और निर्धारित स्टॉपेज की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने की मांग रखी गई। जिलाध्यक्ष लोगन ने कहा कि व्यवस्थित तरीके से सिटी बस सेवा शुरू होने से आम लोगों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। पार्टी की ममता देवी ने कहा कि महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने से उन्हें यात्रा के दौरान सुविधा के साथ सुरक्षा भी मिलेगी।

जपं सदस्य सहित कांग्रेसियों ने लिया मां का आशीर्वाद


देवी मां का आशीर्वाद लेते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद सदस्य अंजली श्रीवास एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने क्षेत्र के झांझ, ओढ़ालीडीह, नायकपारा, सलिहापारा, मुरली, आवासपारा, बोईदा, गाड़ाघाट सहित विभिन्न गांवों में स्थापित मां दुर्गा के पंडालों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। विराजमान मां दुर्गा के दर्शन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। हरदीबाजार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। नवरात्रि का यह पावन पर्व लोगों को आस्था, श्रद्धा, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दे रहा है। जनपद सदस्य अंजली श्रीवास एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने माता रानी से क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की कामना की।इस दौरान उनके साथ में सुनील कंवर, अमन श्रीवास,आरती श्रीवास, आकृति श्रीवास, रूद्र श्रीवास, राजल श्रीवास मौजूद थे।

देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पहुंचे भाजपा नेता



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर छिंदपुर में गोटिया राठौर परिवार के निवास स्थान पर संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान पंडित प्रणव पांडेय ने अपने मुखारविंद से मां भगवती की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्तिरस से भावविभोर किया। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक चुलेश्वर राठौर ने व्यास पीठ पर पहुंचकर पंडित प्रणव पांडेय से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने देवी भागवत कथा के आयोजन को धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

भरत कैकेयी संवाद सहित रामलीला विविध प्रसंगों का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कार्यक्रम के अतिथियों की उपस्थिति में निगम द्वारा आयोजित रामलीला के आयोजन में भरत कैकेयी संवाद सहित विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया गया, इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने भगवान श्रीरामलला के चरणों में पुष्पमाला अर्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर रामलीला के चौथे दिवस के आयोजन का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अक्टूबर से 6 दिवसीय रामलीला का भव्य आयोजन घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में किया जा रहा है। आयोजन के चौथे दिवस आज भरत कैकेयी संवाद, पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, बली वध, लंका दहन आदि प्रसंगों का सुंदर व मनोहरी मंचन, बनारस एवं महाकाल की नगरी उज्जैन के कलाकारों द्वारा किया गया। इसके पूर्व आयोजन के मुख्य अतिथि आरएसएस के नगर कार्यवाह मृगेश यादव, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, ऐश्वर्या चतुर्वेदी, शिवालिया यादव आदि ने भगवान श्रीरामलला के श्रीचरणों में पुष्पमाला अर्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर रविवार की रामलीला का शुभारंभ कराया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया तथा अतिथियों ने निगम द्वारा भव्य रामलीला आयोजन की तहे दिल से सराहना की तथा इसके लिये महापौर श्रीमती राजपूत को बधाई व धन्यवाद दिया। इस मौके पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, चन्द्रमा सिंह राजपूत, रूकमणी नायर, आरिफ खान सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण तथा काफी संख्या में श्रद्धालु नागरिकगण उपस्थित थे।19 अक्टूबर को सेतु बंध सहित अन्य प्रसंगों का होगा मंचन रामलीला के पांचवें दिवस 19 अक्टूबर को सेतु बंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेधनाथ रावण वध, राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा।

ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जिला के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेइको काई कराटे डो एसोसिएशन द्वारा 9 एवं 10 अक्टूबर को होटल रेड स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कोरबा जिला कराटे डो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में लेवल अप एमएमए अकादमी के 22 खिलाड़ियों एवं डीएमसी अकादमी के 6 खिलाड़ियों सहित कुल 28 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में स्वाति ओग्रे सीनियर वर्ग, सृष्टि गुप्ता कैडेट वर्ग, मुद्रा श्रीवास्तव सब-जूनियर वर्ग कृतिका वर्मा, समर्थ अग्रवाल, पूर्विका अडिले, शौर्य श्रीवास पैरा वर्ग, रजत पदक में संपदा सक्सेना कैडेट वर्ग, अंश पटले, दीपेंद्र चंद्रा, अमन टोप्पो, सायेशा पारीक, दिव्यांशु श्रीवास, फरहान रजा, कांस्य पदक में शिक्षा प्रजापति, अनय अग्रवाल, नेवान आर. पिल्लई, देवराज सिंह, आदित्य सारथी, अनुष्का गर्ग, वान्या राठौर, एंजेल स्तुति तिग्गा एवं त्रित्व सोनवानी शामिल है।

अभाव का दंश झेल रहा नेहरू बाल उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण आज विकास की दिशा में अपनी अलग पहचान बना रहा है, लेकिन नगर के बीच स्थित नेहरू बाल उद्यान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी नगरवासियों के स्वास्थ्य और बच्चों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र रहा यह उद्यान आज उपेक्षा का शिकार होता नजर आ रहा है। उद्यान में लगे बच्चों के झूले, लाइटें और बड़ों के लिए स्थापित व्यायाम उपकरण खराब हो चुके हैं। इसके बावजूद इनके सुधार और उद्यान के व्यवस्थित रखरखाव की दिशा में जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस पहल होती दिखाई नहीं दे रही है।

एक समय था, जब नेहरू बाल उद्यान की सुंदरता, साफ-सफाई और हरियाली की चर्चा नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण



क्षेत्रों में भी होती थी। सुबह-शाम यहां लोगों की अच्छी-खासी भीड़ जुटती थी। बुजुर्ग टहलने आते थे, युवा दौड़ लगाते थे और नगरवासी छोटे-मोटे व्यायाम कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते थे। बच्चों के लिए भी यह उद्यान मनोरंजन का प्रमुख स्थान हुआ करता था।उद्यान की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तुस्मा, दुरपा, मुड़पार, गोधना, कुरियारी, कनस्दा, केरा, खरौद और सलखन सहित आसपास के गांवों से भी अभिभावक अपने बच्चों को घुमाने और खिलाने के लिए यहां लेकर आते थे। लोगों की नियमित आवाजाही को देखते हुए उद्यान में कैंटीन की व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन समय के साथ व्यवस्थाएं कमजोर होती गईं और कभी आकर्षण का केंद्र रहा यह उद्यान अब बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। नगरवासियों का कहना है कि उद्यान में लगे झूले और अन्य मनोरंजन के साधन खराब होने से बच्चों को खेलने के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। वहीं, व्यायाम के लिए लगाए गए उपकरणों के टूटने से नियमित रूप से यहां आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाइटों की खराब स्थिति और साफ-सफाई की कमी उद्यान की सुंदरता को प्रभावित कर रही है। नगरवासियों का मानना है कि यदि समय रहते उद्यान की मरम्मत, साफ-सफाई और नियमित देखरेख पर ध्यान दिया जाता, तो इसकी स्थिति इतनी खराब नहीं होती।





खबर संक्षेप



कवियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, देर रात तक गूंजती रहीं तालियां

कोरबा। कवि सम्मेलन की शुरुआत वीर रस के कवि डिकेश्वर साहू के काव्य पाठ से हुई। इसके बाद हास्य-व्यंग्यकार बलराम राठौर ने अपने चर्चित कार्यक्रम खबरें उल्टा-पुल्टा के माध्यम से सामाजिक एवं राजनीतिक विसंगतियों पर तीखे व्यंग्य किए। परीक्षा व्यवस्था पर उनकी पंक्तियों अब देश में परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा, क्योंकि प्रश्नपत्र परीक्षा के बाद तैयार होगा ने खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने अपने गीतों के साथ साली-सालियों और साढ़ू वाली हास्य कविता से श्रोताओं को खूब हंसाया और गुदगुदाया। इसके बाद मुकेश चतुर्वेदी ने अपने तात्कालिक व्यंग्यों से श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। अनुसूईया श्रीवास ने कोयला खदानों में काम करने वाले श्रमिकों के कठिन जीवन, संघर्ष और परिस्थितियों को अपने मधुर गीतों के माध्यम से मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। कोरल वर्मा और दिलीप अग्रवाल ने अपनी ओजस्वी रचनाओं से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। अंत में कार्यक्रम के संचालक हीरामणि वैष्णव ने भगवान श्रीराम पर आधारित अपनी भावपूर्ण कविता से ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण राममय हो गया और श्रोता खड़े होकर जयघोष करने लगे।

माय भारत के तत्वावधान में हुआ नशा मुक्त युवा जागरूकता कार्यक्रम



हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में मेरा युवा भारत (माय भारत) के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति रही। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माय भारत छत्तीसगढ़ के उप-निदेशक श्री नितिन शर्मा जी ने माय भारत के द्वारा आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव ने युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। प्राध्यापक डॉ. केके दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. अंजली कंवर, डॉ रानू राठौर, अनु रमन, लखेश्वरी, विपिन शर्मा, साहिल नामदेव, लक्की साहू, योगेश साहू, प्रभात कुमार, प्रियांशु, जीत प्रकाश, सुमित, मनीष, मुकेश संजना राठौर, साक्षी राठौर, रश्मि यादव, प्रतिभा पटेल, मंजू निर्मलकर, रोशनी, तमन्ना, प्रार्थना उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने बस स्टैंड दुर्गा पंडाल पहुंचकर की पूजा अर्चना



हरदीबाजार। शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धा भक्ति की ब्यार चारों ओर बिखरी हुई है। शनिवार को सप्तमी पर माता रानी के दर्शन के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक बोधराम कंवर बस स्टैंड में स्थापित मां दुर्गा पंडाल में मां आदिशक्ति शक्ति मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली,सुख समृद्धि की कामना की । पंडाल में पहुंचने पर समिति के सदस्यों के द्वारा चुनरी श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

लिटिल स्टार स्कूल में रामायण प्रसंगों एवं नवदुर्गा पर हुआ कार्यक्रम



कोरबा। लिटिल स्टार स्कूल निहारिका में शुक्रवार को रामायण एक्ट एवं नवदुर्गा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण के प्रसंगों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, नवदुर्गा से जुड़ी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना और भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई गई। कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं, संस्कारों तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। प्राचार्य श्रीमती अनीशा तिवारी एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमती यशोदा साहू ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में हुआ।

शनिवार-रविवार दो दिन रहा सप्तमी का प्रभाव

महाष्टमी पर आज भी होंगे मंदिरों में हवन, कन्या भोज व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्र के अवसर पर चल रहे मां दुर्गा के नौ रुपों की पूजा के दौरान शनिवार व रविवार दो दिन सप्तमी का प्रभाव रहा। दोपहर बाद अष्टमी की तिथि रविवार को शुरु हुई। सोमवार को यह तिथि ब्रम्हमुहूर्त होने के कारण उदिया तिथि को लेकर अष्टमी सोमवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर में भोग भंडारे और कन्याभोज के आयोजन होंगे। हालांकि कुछ मंदिरों में रविवार को भी कन्या भोज कराया जाएगा।

पंचागों के अनुसार अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर को सुबह 8.27 बजे शुरु हुई है। जिसकी समाप्ति 19 अक्टूबर को सुबह 10.51 बजे होगी। उदिया तिथि होने के कारण सोमवार को अष्टमी मनाने का मुहूर्त माना गया है। रविवार को भी अष्टमी मानते हुए कई स्थानों में हवन और भंडारे और कन्याभोज भी कराया गया। कई मंदिरों में सोमवार को महाष्टमी मनाया जाएगा। शहर के साथ ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में भी रविवार के दिन भक्तों का तांता लगा रहा। चूंकि रविवार को सूर्य उदय तक सप्तमी तिथि का प्रभाव था। ऐसी स्थिति में अधिकांश स्थानों में रविवार को भी सप्तमी मनायी गई। देवी शक्ति स्थल माँ मड़वारानी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। क्वांर नवरात्रि पर्व का चौथा दिवस पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त श्रद्धालु कोरबा चांपा नेशनल हाईवे मार्ग नीचे मड़वारानी से पूरे पांच किलोमीटर लंबी दूरी एवं बरपाली संडैल चुहरी मार्ग से खड़ी चढाई कर दर्शन करने पहुंच रहे हैं। क्वांर नवरात्रि का प्रारंभ 15 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया है। माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर मंदिर में पंचमी 20 अक्टूबर से शुरुआत की जाती है जो 24 अक्टूबर नवमीं मनाई जाएगी। इसी दिन शाम को मनोकामना ज्योति कलश को हसदेव नदी ग्राम झींका एवं नीचे मड़वारानी सोन नदी विसर्जित किया जाएगा।



सर्वमंगला मंदिर में अनुष्ठान करते भक्त और मंदिर के पुजारी।



कन्या भोज में उपस्थित बालिकाएं।

सप्तमी पर कालरात्रि की महाआरती, उमड़े श्रद्धालु



करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सलिहाभांठा में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में भी ग्रामवासी शक्ति आराधना में डूबे हैं। बरपाली वाले आचार्य सुनील कुमार पांडेय द्वारा विधिविधान से मां की पूजा अर्चना आरती संपन्न कराई जा रही है। जिसमें संध्या आरती की थाल सजाकर नन्हीं बच्चियां , माताएं बहनें आस्थापूर्वक आरती में शामिल हो रही हैं।प्रतिदिन संध्या आरती उपरांत आस्थावान भक्तों का समूह मां जगदम्बा के प्रति सेवाभावना लिए भोग वितरण कराकर अपना जीवन धन्य बना रहे हैं। बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी संध्या आरती में शामिल होकर भोग-प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। प्रतिदिन जसगीत से मां की आराधना की जा रही है।सप्तमी पर आस्था एवं उत्साह का बेजोड़ संगम देखने को मिला। जहां मां दुर्गा जी की सातवीं शक्ति कालरात्रि की माता के भक्तों ने महाआरती,जसगीत से आराधना स्तुति की। वहीं बच्चों, माताओं-बहनों का समूह गरबा के माध्यम शक्ति की स्तुति में डूबे रहे। गरबा में शामिल सभी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जलाराम मंदिर में हुआ हवन, अनुष्ठान



गुजराती समाज के जलाराम मंदिर में विशेष हवन-पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जलाराम मंदिर में पुरोहित के मार्गदर्शन में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम वेदी पूजन और विभिन्न देवी-देवताओं का आवाहन किया गया। इसके पश्चात वैदिक परंपरा के अनुसार हवन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। बीज मंत्रों तथा देवी भगवती की महिमा से जुड़े वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की गईं। हवन अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद गुजराती समाज के सभी सदस्यों ने एक साथ देवी भगवती की आरती की। आरती के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा।

शहर और ग्रामीण अंचलों में कल होगा रावण दहन



शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन की तैयारी की गई है। औद्योगिक शहर के एनटीपीसी, एचटीपीपी लाल मैदान, बालको रामलीला मैदान, बांकीमोंगरा के साथ कटघोरा, हरदीबाजार, पाली, मैसमा, गेवरा, दीपका क्षेत्रों में भी रात 7.30 बजे रावण दहन किया जाएगा। उपनगरीय और ग्रामीण अंचलों के अलावा शहर के पुराने बस स्टैंड, शिवाजी नगर, राजेंद्र प्रसाद नगर, घंटाघर, मुड़ापार में भी विभिन्न समितियों के द्वारा रावण दहन की तैयारी की गई है। एचटीपीपी लाल मैदान में 120 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। बालको नगर में 75 फुट रावण बनाया गया है। वहीं पुराने बस स्टैंड में 60 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जिले में सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र एचटीपीपी लाल मैदान का रावण दहन का रहता है। जिसमें तकनीक का उपयोग कर पुतले को जीवंत रुप देने की कोशिश की जाती है। इसी तरह शिवाजी नगर में रावण के पुतले में लाइटिंग की की गई है।

शारदीय नवरात्रि पर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे पूर्वमंत्री ने नवाया शीश



दुर्गा पंडालों में पहुंचकर दर्शन करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

जयसिंह अग्रवाल ने भिलाईखुर्द, सीतामणी चौक, पुराना बस स्टैंड, श्रीराम दरबार डीडीएम रोड, आर.पी. नगर फेस-1, एम.पी. नगर एवं शिवाजी नगर स्थित श्री दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर माँ दुर्गा के दर्शन किए। इस दौरान पूजा समितियों एवं श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति, संस्कार और सामाजिक एकता का भी पर्व है। माँ दुर्गा की आराधना हमें अन्याय और बुराई के विरुद्ध संघर्ष करने तथा सत्य, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि कोरबा की समृद्ध परंपरा हमेशा से आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता की रही है। नवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा कार्यक्रम हमारी इसी सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। जयसिंह अग्रवाल ने माँ दुर्गा से प्रार्थना करते हुए सभी पर माँ जगदम्बा की कृपा बनी रहने के साथ ही प्रत्येक परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि और कोरबा सहित पूरे क्षेत्र में खुशहाली का वातावरण बना रहने का आशीर्वाद माँगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और सभी को स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन प्रदान करें। इस अवसर पर विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी, कांग्रेसजन, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दुर्गा पंडाल में हजारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा लगातार 18 वां वर्ष दुर्गा माता की प्रतिमा बैठाकर पूजा किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक दिन समिति के द्वारा अलग अलग कार्यक्रम रंगोली, जादूगर कुनाल, डांस प्रतियोगिता, जस जागरण झांकी कराया जाता है, नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां की आरती बहुत ही मनमोहक व आकर्षक लगती है यहां की आरती मांदर की थाप के साथ आर्गन,नगाड़ा आदि के द्वारा किया जाता है यहां माता की आरती के बाद प्रसाद के रूप में खीर पूरी खिचड़ी हलुवा जलेबी लड्डू आदि प्रसाद का वितरण किया जाता है माता के दर्शन करने के लिए हरदी बाजार व आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं का भारी भरकम भीड़ यहां लगता है यहां प्रत्येक दिन आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा आरती करने के उपरांत प्रसाद ग्रहण करते हैं, सप्तमी को यहां पर विशेष आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर निलेन्द्र राठौर, विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता, हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर, आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, रमेश दास महंत, आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, नवल राठौर, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, जगदीश अग्रवाल उपस्थित रहे।

जसगीत गाने जा रही महिलाओं की टोली पर चढ़ी तेज रफ्तार बुलेट, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर गोपालपुर के पास तेज रफ्तार बुलेट ने जसगीत गाने जा रही महिलाओं की टोली को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई,



दुर्घटनाकारित बुलेट।

खास बात

- दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर के समीप हुई घटना

जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। बुलेट सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे हादसा हुआ। वार्ड की 10 से 12 महिलाएं मादर, थाप और ढोल लेकर नवरात्रि के अवसर पर देव स्थल में जसगीत गाने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बुलेट ने महिलाओं की टोली को टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने से वृंदा बाई 06 वर्ष) और शकुंतला बाई (65 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। बुलेट पर दर्री क्षेत्र निवासी राहुल अपने दो साथियों के साथ सवार था। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दोनों साथियों को भी चोटें आईं। डायल 112 की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राहगीर से मोबाइल एवं नगदी की लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राहगीरों का रास्ता रोककर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के किलाफ पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएन 4977 से गेवर्रा से रायगढ़ जाने के लिए निकला था। दोपहर लगभग 2 बजे कमरीचोली मेन रोड के आगे वाहन रोककर नीचे उतरा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति उसके पास पहुंचे तथा स्वयं को माइनिंग में काम करने वाला बताया। और बातचीत के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम केसरी नन्दन वैष्णव एवं ललित कुमार चौहान बताया। इसके बाद दोनों अचानक प्रार्थी की ओर बढ़े तथा झपट्टा मारकर उसकी मोबाइल एवं 500 नगद लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। प्रार्थी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल का नंबर सीजी 12 बीएस 0751 बताया गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले केसरी नन्दन वैष्णव एवं ललित कुमार चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर केसरी नन्दन वैष्णव से मोबाइल तथा ललित कुमार चौहान से घटना में प्रयुक्त काले रंग की मोटरसाइकिल बरामद किया है।

दर्शन के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने दुर्गा पंडालों में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं धार्मिक स्थलों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और उन्नति की कामना की। नवरात्रि के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और भक्ति के माहौल के बीच पालिका अध्यक्ष की इस धार्मिक यात्रा से क्षेत्र में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने अपने दौरे की शुरुआत वार्ड क्रमांक 1 पुरेना से की, जहां उन्होंने विराजित मां नवदुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात वे वार्ड क्रमांक 19 कुचेना पहुंचीं और वहां स्थापित मां नवदुर्गा के दर्शन कर विधिवत पूजा की। इसके बाद श्रीमती झा वार्ड क्रमांक 20 नेहरू नगर स्थित स्टेडियम के समीप प्रसिद्ध मां कुष्मांडा दाई मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने मातारानी के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास की कामना की। इसी दौरान वे नेहरू नगर स्टेडियम में आयोजित गरबा महोत्सव में भी शामिल हुईं और नवरात्रि के उल्लासपूर्ण वातावरण का हिस्सा बनीं। धार्मिक यात्रा के अगले चरण में पालिका अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा पहुंचीं, जहां उन्होंने मां नवदुर्गा की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 16 घुड़देवा बस्ती स्थित मां मरकी माता चौरा में पहुंचकर मातारानी का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि शारदीय नवरात्रि हमारी आस्था, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। मां दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस, सकारात्मकता और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। मैंने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पंडालों एवं मंदिरों में पहुंचकर मातारानी का आशीर्वाद लिया है और प्रार्थना की है कि मां सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें।

